## आज का इतिहास

- 1612: मुगल बादशाह शाहजहां ने मुमताज से निकाह किया।
- 1859: वर्ष 1857 विद्रोह के नेता तात्या तोपे को फांसी दी गयी।
- 1906: सेन फ्रांसिस्को में भूकंप और आग से लगभग 4000 लोगों की मौत।
- 1917: महात्मा गांधी ने सत्याग्रह के लिए बिहार के चंपारण का चयन किया।
- 1930: सूर्य सेन उर्फ मास्टर दा और इंडियन रिपब्लिकन आर्मी के 62 लोगों ने चटगांव शास्त्रागार पर धावा बोला।
- 1948: नीदरलैंड के हेग में अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय का गठन हुआ।
- 1950: विनोबा भावे ने आंध्र प्रदेश (अब तेलंगाना) के पचमपल्ली गाँव से भूदान आंदोलन की शुरुआत की।
- 1955: महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन का निधन हुआ।
- 1971: सम्राट अशोक नामक देश का पहला जंबो जेट विमान 747 मुंबई में उतरा।
- 1978: प्रख्यात लेखक खुशवंत सिंह के पिता शोभा सिंह का निधन।
- 1980: जिंबाब्वे ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता मिलने की घोषणा की।
- 1991: केरल भारत का पहला पूर्ण साक्षर राज्य घोषित हुआ।
- 2013: इराक की राजधानी बगदाद में बम धमाकों से 27 की मौत, 65 घायल।



# गर्मी में मेकअप से दिखें ट्रेंडी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

हर मौसम में खूबसूरत दिखना महिलाओं की पहली तमन्ना होती है। इसीलिए वे मौसम के हिसाब से और खुद पर सूट करता हुआ मेकअप करना पसंद करती हैं। गर्मियों के मौसम में बहुत से लोगों को मेकअप करना पंसद नहीं होता, लेकिन गर्मी के मौसम में भी आप मेकअप कर खुद को ट्रेंडी दिखा सकती हैं। आज हम आपको कुछ समर मेकअप टिप्स बताने जा रहे है, जो कि आजकल काफी चलन में हैं। तो आइए जानते है इस लेख के माध्यम से।



जब बात गर्मी के मौसम की हो तो चिलचिलाती धूप में टपकते पसीने की वजह से मेकअप को बचाए रखना सचमुच महिलाओं के लिए एक चुनौती होती है। 'जिस तरह मौसम के अनुसार फैशन ट्रेंड बदलता रहता है, ठीक उसी तरह हर सीजन में मेकअप भी बदल जाता है। अच्छा होगा आप गर्मियों में सिंपल और हल्का मेकअप ही करें। इस से मेकअप बार-बार ठीक करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मेकअप त्वचा पर लंबे समय तक टिका रहे, इस के लिए कुछ खास मेकअप टिप्स फौलो करने होंगे।''

### मेकअप बेस

किसी भी तरह के मेकअप की शुरुआत मेकअप बेस से होती है इसलिए समर मेकअप के लिए भी पहले मेकअप बेस तैयार किया जाता है। गर्मी के मौसम में फाउंडेशन लगाने से चेहरा थोड़ा हैवी दिख सकता है। अत फाउंडेशन की जगह कंसीलर का प्रयोग करें। यह चेहरे के दागधब्बों को मिटाता है और बेदाग खूबसूरती को सामने लाता है. अगर सिंपल दिखना है, तो लिक्विड कंसीलर का प्रयोग करें। ध्यान रहे चेहरे पर कंसीलर किसी ठंडी जगह ही लगाएं। इस से मेकअप करते समय पसीना नहीं आएगा और कंसीलर सही तरह लग जाएगा।

> फाउंडेशन की जगह कंसीलर का प्रयोग करें। यह चेहरे के दाग धब्बों को मिटाता है

### कॉम्पेक्ट पाउडर

कंसीलर लगाने के बाद नाक, चिन और जौ लाइंस के आसपास की त्वचा पर डस्ट वाला कॉम्पेक्ट पाउडर लगाएं। कॉम्पेक्ट पाउडर लगाते समय त्वचा को हल्का सा स्ट्रेच कर लें। इस से कॉम्पेक्ट पाउडर पूरे चेहरे पर अच्छी तरह लग जाएगा। ज्यादा कॉम्पेक्ट पाउडर के इस्तेमाल से बचें क्योंकि यह चेहरे के पोर्स को बंद कर देता है।

### ब्लशर

गर्मी के मौसम में पाउडरयुक्त ब्लशर का प्रयोग करें। ब्लशर लगाते समय अपनी स्किनटोन का ध्यान रखें। अपनी स्किनटोन के अनुसार गुलाबी या लाइट ब्राउन कलर का ब्लशर लगाएं। लाइट समर लुक के लिए मेकअप को बिलकुल सिंपल रखें। सिर्फ ऊपर के गालों पर ब्लशर लगाएं।



### लिपस्टिक

**होंठों** को लिपलाइनर से आकार दे कर मैट लिपस्टिक लगाएं। फिर इस के ऊपर लिप सीलर लगाएं। हलके और खिले हुए रंग इन दिनों काफी अच्छे लगेंगे, इसलिए न्यूड कलर ही पसंद करें। वैसे इस समर में नियौन कलर्स भी ट्रेंड में हैं। अतः आप अपनी ड्रैस से मैच करता हुआ कलर भी चुन सकती हैं। गर्मी में होंठों से लिपस्टिक बहुत जल्दी उतर जाती है। अतः इसे देर तक टिकाए रखने के लिए आप होंठों पर प्राइमर प्रयोग कर सकती हैं। इस मौसम में लिपग्लौस न लगाएं, क्योंकि यह टिकाऊ नहीं होती है और फैल जाती हैं।

> गर्मी में होंठों से लिपस्टिक बहुत जल्दी उतर जाती है।

### काजल

अगर आप मेकअप हल्का कर रही हैं तो डार्क काजल के प्रयोग से बचें। खासकर दिन के समय हलका काजल ही लगाएं। अगर रात में किसी पार्टी या फंक्शन में जा रही हैं तो डार्क काजल लगा सकती हैं। अगर आप चाहती हैं कि आप का आईलाइनर व आईशैडो लंबे समय तक आंखों पर टिका रहे, तो इस के लिए आप वैक्सयुक्त आईशैडो प्राइमर यूज कर सकती हैं। ध्यान रखें काजल लगाने से पहले आंखों के नीचे कौंपैक्ट पाउडर लगाएं, फिर काजल लगाएं, इस से काजल फैलेगा नहीं। आंखों में लिक्विड आईलाइनर का प्रयोग न करें। इस की जगह पैंसिल वाला आईलाइनर लगाएं।

### यह भी रहे ध्यान

- गर्मी में मेकअप के लिए कौस्मैटिक लेते समय आप औयलबेस्ड मेकअप की जगह वाटरप्रुफ मेकअप का चयन करें।
- इस सीजन में ब्राइट मेकअप की जगह लाइट मेकअप करें।
- यदि आप की त्वचा बेदाग है तो बेवजह उस पर फाउंडेशन का प्रयोग न करें।
- मेकअप की शुरुआत चेहरे व गले पर ऐस्ट्रिंजेंट लोशन लगा कर करें। यह लोशन आप के चेहरे का अतिरिक्त तेल सोख लेगा।
- इस मौसम में चेहरे पर अधिक मात्रा में पाउडर न लगाएं, क्योंकि ऐसा करने से चेहरे के रोमछिद्र पसीने के बहाव को ब्लौक कर सकते हैं।
- पाउडर लगाने के बाद गीले स्पंज या पफ को हलके हाथ से चेहरे पर थपथपाएं। ऐसा करने से पाउडर लंबे समय तक चेहरे पर टिका रहेगा।
- आंखों के आसपास अधिक मात्रा में पाउडर न लगाएं।
- आईशैडो पैंसिल आई मेकअप का एक महत्वपूर्ण औजार है। ब्राउन या ग्रे कलर की आईशैडो पैंसिल आंखों के मेकअप को सौफ्ट और स्मोकी लुक देती हैं।
- चिलचिलाती गरमी के इस मौसम में प्लेन लिपग्लौस ही लिप मेकअप के लिए काफी है या फिर लाइट कलर की लिपस्टिक लगा कर उस पर लिपग्लौस लगा सकती हैं।
- गर्मी में टी जोन में सब से ज्यादा पसीना आता है, इसलिए जरूरी है कि आप औयल सोखने वाले पैड यूज करें। इन के इस्तेमाल से चेहरा फ्रैश दिखेगा।

## स्टाइलिश लुक



# इन गर्मियों ट्राई करें कूल सनग्लासेज

गर्मी के मौसम में लड़कियां आंखों को धूप से बचाने के लिए सनग्लासेज का इस्तेमाल करती हैं। वैसे तो इन्हें हर मौसम में ही कैरी करना पसंद किया जाता है। वैस्टर्न हो या ट्रैडिशनल आउटफिट्स दोनों के साथ सनग्लासेज काफी स्टाइलिश लुक देते हैं। मार्किट में कई तरह के शेड्स मौजूद हैं लेकिन अपने चेहरे की शेप के अनुसार ही सनग्लासेज लेने चाहिए। आइए जानिए ऐसे ही कुछ सनग्लासेज के बारे में

**सेक्सी किटन:** जिन शेड्स के फ्रेम्स कैट आई शेप में हों उन्हें सेक्सी किटन सनग्लासेज कहते हैं। यह अलग-अलग रंगो और प्रिंटस में मौजूद हैं जिसे कैरी करके स्टाइलिश लुक मिलेगी।

**एम्बेलिश्ड:** वैस्टर्न वियर के साथ यह सनग्लासेज काफी बढ़िया कॉम्बिनेशन देंगे। कॉलेज जाने वाली लड़कियों के लिए यह बैस्ट ऑप्शन है।

**निऑन:** हल्के रंग के फ्रेम वाले यह सनग्लासेज गर्मियों में कूल लुक देंगे। इन सनग्लासेज का आजकल काफी ट्रेंड है और यह किसी भी आउटफिट्स के साथ काफी स्टाइलिश लगेंगे।

**ओवरसाइज्ड सनग्लासेज:** इस सनग्लासेज का साइज आंखों से बड़ा होता है और इससे पूरी आंखे कवर हो जाती हैं। वैकेशन के दौरान इस सनग्लासेज को कैरी करें।

**राउंड शेप:** गोल फ्रेम सनग्लासेज गर्मियों में काफी स्टाइलिश लुक देंगे। यह कई रंग और प्रिंटस में मौजूद है जो वैस्टर्न आउटफिट्स के साथ परफैक्ट लगेंगे।

# साइड चोटी का फैशन

बालीवुड जगत हसीनाओं करीना कपूर खान, दीपिका पादुकोण, काजोल, सोनम कपूर आदि ने इंडो-वेस्टर्डन आउटफिट पर मैसी ब्रेड को अपना स्टाइल बनाया है।

**'बजरंगी** भाईजान' मूवी में करीना कपूर व्हाइट चिकन का कुर्ता उसपर कलरफुल चुन्नी में नजर आ रही हैं। तो क्या आप अपने लुक्स को लेकर कांशस हैं, तो आपको बता दें यह स्टाइल चलन में है। ऑफ शोल्डर गाउन, टॉप या कुर्ती जिसकी नेक वी या फ्रंट-बैक डीप नेक के साथ सिंपल साइड मैसी ब्रेड बहुत फबती है। खूबसूरत काजोल ने नेट की साड़ी में फुल स्लीव ब्लाउज ग्रीन कलर के साथ यह चोटी हेयर स्टाइल बनाना पसंद किया है। सिंपल के साथ फंकी लुक चाहती हैं तो जींस टी शर्ट, टी शर्ट-कैप्री के साथ ट्विस्टिड साइड ब्रेड कैरी करें। यह लुक डेली वीयर में बहुत अच्छी लगती है। उलझी-बिखरी चोटी इसे बनाना बेहद आसान है। खास यह है कि कंघी के अधिक इस्तेमाल से मेसी लुक में फाइन टच आता है, लेकिन यह मेसी लुक खराब कर देता है। उलझी-बिखरी लुक ही मेसी की खासियत है। शाइनी,सॉफ्ट बनाने के लिए बालों में हेयर सिरम लगाएं। इससे बाल आसानी से मैनेज हो जाएंगे। इसके बाद कंघी न करें। फिंगर टिप से बालों को मैनेज करें।



# बाल पतले हैं तो कोई बात नहीं...



ज्यादातर महिलाएं पतले बाल होने के कारण बालों को खुला रखने में या किसी भी प्रकार का हेयर स्टाइल अपनाने में हिचकती हैं। ऐसे ही पतले व हल्के बालों को खूबसूरत लुक देने के लिए कुछ खास हेयर स्टाइल हैं जो व्यक्तित्व में चार चांद लगा सकते हैं।

घने स्ट्रेट फ्रिंज: यह हेयर स्टाइल बालों को हेवी लुक देता है। इस कट में सामने के बालों को इस प्रकार काटते हैं कि माथे पर सीधे फ्रिंज लटकते हैं जो भौंहों तक हो सकते हैं। यह कट कम उम्र की महिलाओं के लिए बिल्कुल परफेक्ट हो सकता है।



### लेयर्स कट

पतले बालों पर बहुत ज्यादा प्रयोग करने की कोशिश न करें। अगर आप सॉफ्ट लेयर्स के साथ शोल्डर लेंथ तक कट करवाएंगी तो आपके बाल थोड़े घने दिखेंगे। आप सॉफ्ट वेव्स या पर्म भी करा सकती हैं। बालों को घना दिखाने के लिए हाईलाइट्स करा सकती हैं। सॉफ्ट टेक्सचर्ड बॉब भी आपके बालों पर अच्छा दिखेगा।

### साइड पार्टिंग

अगर आपके आगे के बाल लंबे हैं तो यह हेयरस्टाइल आप पर अधिक अच्छी लगेगी। इसमें बाल तिरछी मांग से निकालकर माथे को ढंकते हुए पीछे ले जाते हैं। चाहें तो पीछे से इन्हें पिन करके चोटी कर लें, खुला छोड़ दें या फिर पफ का इस्तेमाल करें।

### मेस्सी बॉब

बॉब कट तो हल्के बालों पर अच्छे लगते ही हैं लेकिन इन्हें शॉर्ट फ्रिंज के साथ बनाया जाए तो ये और भी अच्छे लगेंगे। साथ ही आपके बाल घने भी दिखेंगे।

### साइड बैंग्स

स्ट्रेट फ्रिंज जैसे ही कट को जब आप तिरछी मांग से सेट करती हैं तो यह साइड बैंग्स हो जाता है। इसमें बाल आंखों पर नहीं पड़ते इसलिए इसमें आराम भी अधिक महसूस होता है।

### मेस्सी ब्लंट कट

इसमें ढेर सारे छोटे फ्रिंज के साथ ब्लंट कट दिया जाता है। इसे कैरी करना जितना आसान है, आपके मैच्योर लुक को छिपाने में यह उतना ही कारगर है।

### आड़े-तिरछे फ्रिंज

अगर सिर पर बाल बहुत ही हल्के हैं और माथा अधिक चौड़ा है तो आड़े-तिरछे फ्रिंज फबेंगे। इसमें फ्रिंज यानी लेयर्स को कुछ इस तरह काटते हैं कि बालों का कोई एक आकार न दिखे। यानी अलग-अलग आकार के ढेर सारे फ्लिप्स।



# समर सीजन में कुछ खास टिप्स

**साफ चेहरा:** सबसे पहले तो आप को बता दें कि किसी भी तरह का मेकअप साफ चेहरे के ऊपर ही अच्छा दिखता है। ऐसे में आप लाइट टू मीडियम कवरेज फाउंडेशन ही खरीदिये। यह आपके चेहरे पर सिल्की टेक्सचर देगा।

### आंखें

समर में आंखों पर बोल्ड कलर्स काफी चल रहे हैं। आईलाइनर का चलन थोड़ा कम देखा जा रहा है वहीं, इसकी जगह पर ब्राइट रंग के आई शैडो की डिमांड काफी बढ़ी है।

### आईब्रोज

आज कल मेकअप से मोटी की गई आईब्रोज को कोई पसंद नहीं कर रहा। मॉडल्स भी आज कल नेचुरल आईब्रो ही प्रिफर करने लगी हैं। हमेशा नेचुरल आईब्रो ही अच्छा लुक देती हैं।

### होंठ

होंठो पर ब्राइट शेड्स और वाइट टोन्ड शेड्स काफी चलन में है। यह आपको हॉट लुक देते हैं। इसके साथ ही ब्लश की जगह पर लिपसटिक लगाएं। क्रीमी मैट और साटिन टेक्सचर काफी डिमांड में हैं।

### ब्लश

अगर आपकी त्वचा साफ और गोरी है तो उस पर पेस्टल ब्राइट शेड का ब्लश अच्छा लगेगा। ब्लश को माथे और गालों पर यूज़ किया जाता है, जिससे वो दोंनो चीजें हाईलाइट हो सकें।